जागरण

# तिलजला में नकली नारियल तेल के कारोबार का भंडाफोड़

Publish Date:Sun, 04 Aug 2019 06:43 AM (IST)

जागरण संवाददाता, कोलकाता : काशीपुर में मिलावटी मसालों के कारोबार का भंडाफोड़ होने के एक दिन बाद कोलकाता पुलिस की प्रवर्तन शाखा (ईबी) ने तिलजला में नकली नारियल तेल की फैक्ट्री का खुलासा किया है। काफी मात्रा में तैयार तेल के साथ ही ब्रांडेड कंपनी के जार और लेवल भी बरामद किए गए। सूत्रों के अनुसार मुखबिर की सूचना पर ईबी की टीम ने गत शुक्रवार रात तिलजला थानांतर्गत जीजे खान रोड स्थित एक गोदाम में छापा मारा। टीम ने मौके से काफी मात्रा में तैयार नकली नारियल तेल, ब्रांडेड कंपनी के जार और लेवल, तेल बनाने के उपकरण समेत अन्य सामान जब्त किए। पुलिस के अनुसार एक ब्रांडेड कंपनी की ओर से नकली नारियल तेल बाजार में बेचे जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर उक्त कार्रवाई की गई। नकली तेल को ब्रांडेड कंपनी के जार में भरकर विभिन्न जिलों में बेचा जाता था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/west-bengal/kolkata-coconut-oil-19459824.html